महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा **'A'**ग्रेड प्राप्त

शंभू दत्त सती
Shambhu Datt Sati
अनुभाग अधिकारी
Section Officer

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक : 10/09/2022

<u>प्रकाशनार्थ</u>

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में स्वच्छता पखवाड़े पर हो रही जागरूकता गतिविधियाँ

प्रयागराज। 10 सितंबर। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन में "स्वच्छता पखवाड़ा" कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में आज झूंसी स्थित परिसर और मुख्य द्वार से लाल चौक तक की सड़क की साफ - सफाई का अभियान चलाया गया। इस दौरान अकादमिक निदेशक प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे ने शिक्षकों और विश्वविद्यालय कर्मियों को अपने कार्यस्थल पर स्वच्छता रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण स्वच्छता को अपने जीवन में आदत की तरह अपना कर स्वस्थ जीवन विकसित करना ही स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को उनके दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे निकालकर समाज में स्वच्छता संबंधी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वच्छता पखवाड़ा योजना के अनुसार मनाया जाना चाहिए, साथ ही इसका बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार भी किया जाना चाहिए। स्वच्छता का सन्देश फैलाने में जनमाध्यमों का खूब प्रयोग किया जा सकता है।"

इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक सह-आचार्य डॉ. आशा मिश्रा, सह-समन्वयक सहायक आचार्य डॉ. सत्यवीर और डॉ. यशार्थ मंजुल समेत विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक सहायक आचार्य डॉ. विजया सिंह, अतिथि अध्यापक डॉ. अनुराधा पाण्डेय, डॉ. शिखा शुक्ला, जोगदंड शिवाजी, समेत विश्वविद्यालय के कर्मचारी- शंभूदत्त सती, जयेन्द्र जायसवाल, सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, जगजीवन राम प्रजापति, रोहित कुमार, अभिषेक, पीताम्बर एवं शोधार्थी/विद्यार्थियों ने बड़ चढ़कर अपना योगदान दिया। देश भर में 01 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें शिक्षण संस्थान से लेकर मंत्रालय सहित सभी सरकारी विभाग सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं।

10-9-22
(शंभू दत्त सती)

क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज
भूखण्ड संख्या-6/I-3 झूंसी योजना-3 प्रयागराज-211019, उ.प्र. भारत
फोन एवं फैक्स : 0532-2567442 ईमेल:mgahvalld@gmail.com वेबसाइट: hindivishwa.org

क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में स्वच्छता पखवाड़े पर हो रही जागरूकता गतिविधियाँ

प्रयागराज।शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन में ठस्वच्छता पखवाड़ाठ कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में आज झूंसी स्थित परिसर और मुख्य द्वार से लाल चौक तक की सड़क की साफ - सफाई का अभियान चलाया गया।

इस दौरान अकादमिक निदेशक प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे ने शिक्षकों और विश्वविद्यालय कर्मियों को अपने कार्यस्थल पर स्वच्छता रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण स्वच्छता को अपने जीवन में आदत की तरह अपना कर स्वस्थ जीवन विकसित करना ही स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को उनके दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे निकालकर समाज में स्वच्छता संबंधी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वच्छता पखवाड़ा योजना के अनुसार मनाया जाना चाहिए, साथ ही इसका बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार भी किया जाना चाहिए। स्वच्छता का सन्देश फैलाने में जनमाध्यमों का खूब प्रयोग किया जा सकता है।ठ

इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक सह-आचार्य डॉ. आशा मिश्रा, सहायक आचार्य डॉ. सत्यवीर और डॉ. यशार्थ मंजुल समेत विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक सहायक आचार्य डॉ. विजया सिंह, अतिथि अध्यापक डॉ. अनुराधा पाण्डेय, डॉ. शिखा शुक्ला, जोगदंड शिवाजी, समेत विश्वविद्यालय के शंभूदत्त सती, जयेन्द्र जायसवाल, सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, जगजीवन राम प्रजापति, रोहित कुमार, अभिषेक, पीताम्बर एवं शोधार्थी/विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया। देश भर में 01 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें शिक्षण संस्थान से लेकर मंत्रालय सहित सभी सरकारी विभाग सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं।